FCAN
FINANCIAL COUNSELLORS' ASSOCIATION OF NSW INC

# वित्तीय परामर्श

क्या आप अपने पैसे के बारे में चिंतित हैं?
क्या आपको अपने बिलों, कर्ज़ों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं का प्रबंध करने में सहायता की आवश्यकता है?
क्या आप अपने बिलों से जूझ रहे/रही हैं?
क्या आपको अपने कर्ज़ों को पुनर्वित्त करने में सहायता की आवश्यकता है?
क्या आप अपने बिलों का भुगतान करने के लिए ऊँची कीमत वाली छोटी-छोटी धनराशि उधार ले रहे / रही हैं?

*अपने वित्तीय तनाव का प्रबंधन करने के लिए नि:शुल्क वित्तीय सलाहकार से सहायता उपलब्ध है*

जीवन के सभी क्षेत्रों से जुड़े लोग खुद को वित्तीय तनाव की स्थिति में पा सकते हैं। 25 लाख से भी अधिक ऑस्ट्रेलियावासी (जनसँख्या का 13%) ऊँचे वित्तीय तनाव वाले आवासों में रहते हैं। वित्तीय तनाव आपकी नौकरी या आय का साधन खोने, बीमार पड़ने, जुआ खेलने, अल्प-रोज़गार में काम करने तथा परिवार और संबंधों में बदलाव आने के कारण पैदा हो सकता है या फिर आपके पास अपने खर्चों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं हो सकता है। यदि आपके साथ ऐसा हो रहा है, तो एक वित्तीय सलाहकार मदद कर सकता है।

**वित्तीय सलाहकार गैर-आलोचनात्मक, योग्य व्यावसायिक होते हैं, जो वित्तीय कठिनाइयों में फंसे लोगों को नि:शुल्क जानकारी, समर्थन और वकालत उपलब्ध कराते हैं।**

## वित्तीय सलाहकार निम्नलिखित तरीकों से आपकी सहायता कर सकते हैं:

- यह समझना कि कौन से कर्ज़ प्राथमिकताएँ हैं,
- क्रेडिट कोड कठिनाई में परिवर्तनों का उपयोग करना; भुगतानों को कम, स्थगित या इनमें छूट प्राप्त करना; अनुदान या रियायतें प्राप्त करना; बाहरी विवाद समाधान प्राप्त करना,
- एक धन योजना / कार्यक्षम बजट विकसित करना।

*वित्तीय सलाहकार भावनात्मक तनाव से ग्रस्त अपने सेवार्थियों को समर्थन देते हैं।*

### *क्या आपको सहायता की आवश्यकता है?*

वित्तीय सलाहकार सामुदायिक संगठनों में आधारित होते हैं और वित्तीय तनाव में फंसे लोगों की सहायता करने में विशेषज्ञ होते हैं। वित्तीय परामर्श सेवाएँ नि:शुल्क, स्वतंत्र व गोपनीय होती हैं और बहुभाषी सहायता की व्यवस्था की जा सकती है।

### *वित्तीय सलाहकार की खोज करें और समय नियुक्त करें:*

**1300 914 408** पर Financial Counsellors Association of NSW को कॉल करें